# प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 11.07.2025

## जल मिश्रित मदिरा की 62 अदद बोतलों , नकली 51,710 क्यूआर कोड, विभिन्न ब्राण्डो के कुल 30,136 नकली कैप्स व विभिन्न ब्राण्डो के कुल 14,602 नकली ढ़क्कनों के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन व बिक्री के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में तथा आबकारी निरीक्षक सेक्टर-1, एसओजी/स्वॅाट गोरखपुर व प्र0नि0 थाना कैण्ट के नेतृत्व में शैलेश (पिंटू) पुत्र स्व. राज किशोर निवासी घुघली थाना घुघली जनपद महराजगंज के कब्जे से जल मिश्रित मदिरा 20 अदद इम्पीरियल ब्लू बोतल (375 ml), 42 अदद रायल स्टैग बोतल (180ml), नकली क्यू आर कोड 31710, नकली क्यू आर कोड रोल दो अदद प्रत्येक मे लगभग 10000, विभिन्न ब्राण्डो के नकली कैप्स 30136 अदद, विभिन्न ब्राण्डो के नकली ढ़क्कन कुल 14602 अदद व 01 अदद बाल्टी मग्गा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 363/2025 धारा 60/62 यू.पी. आबकारी अधिनियम, 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(1), व 340(2) भारतीय न्याय संहिता ( BNS) पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध करने का तरीका -**

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि नकली ढ़क्कन, क्यू. आर. कोड व कैप्स को वह सूरत (गुजरात राज्य) से मंगा कर वाराणसी, भदोही, बलिया, सलेमपुर (देवरिया) व अन्य जिलो में बेचता है तथा स्वयं खाली अद्धा और पौआ की बोतलों में जल मिश्रित मदिरा भर कर नकली ढक्कन व कैप्स लगाकर उसके ऊपर क्यू.आर. कोड को चस्पा कर आस पास के बाजारो में बेचता है।

**गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम पता -**

1. शैलेश (पिंटू) पुत्र स्व. राज किशोर निवासी घुघली थाना घुघली जनपद महराजगंज

**बरामदगी-**

I. जल मिश्रित मदिरा भरा 20 अदद इम्पीरियल ब्लू बोतल (375 ml)
II. जल मिश्रित मदिरा भरा 42 अदद रायल स्टैग बोतल (180ml)
III. नकली क्यू आर कोड 31710
IV. नकली क्यू आर कोड रोल दो अदद प्रत्येक मे लगभग 10000 नकली क्यू आर
V. नकली कैप्स रायल स्टैग- 13424
VI. नकली कैप्स इम्पीरियल ब्लू- 4557
VII. नकली कैप्स ब्लेंडर प्राइड- 6700
VIII. नकली कैप्स बैरेल सेलेक्ट- 2120
IX. नकली कैप्स मैक्डावेल- 3335
X. नकली ढक्कन इम्पीरियल ब्लू- 6563
XI. नकली ढक्कन रायल स्टैग- 1452
XII. नकली ढक्कन बलेन्डर प्राइड- 5622
XIII. नकली ढक्कन मैक्डावेल- 965
XIV. प्लास्टिक की एक बाल्टी व मग्गा

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 363/2025 धारा 60/62 यू.पी. आबकारी अधिनियम, 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(1), व 340(2) भारतीय न्याय संहिता ( BNS)

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. निरीक्षक मनीष त्यागी आबकारी निरीक्षक सेक्टर- 1 जनपद गोरखपुर
2. प्र0नि0 संजय कुमार सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 आशीष कुमार दुबे चौकी प्रभारी पैडलेगंज थाना कैण्ट गोरखपुर
4. उ0नि0 सूरज सिंह SOG/स्वाट प्रभारी मय टीम जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 मनीष यादव SOG/स्वाट प्रभारी मय टीम जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 केशव कुमार थाना कैण्ट गोरखपुर
7. उ0नि0 सुरेन्द्र राम थाना कैण्ट गोरखपुर
8. हे0कां0 जगदीश प्रसाद आबकारी सेक्टर- 1 जनपद गोरखपुर
9. कां0 विकास मिश्रा आबकारी सेक्टर- 1 जनपद गोरखपुर
10. कां0 राघवेन्द्र वर्मा आबकारी सेक्टर- 1 जनपद गोरखपुर
11. हे0 का0 आनन्द किशोर थाना कैण्ट गोरखपुर